कार्यालय–पशु आहार निर्माणशाला किच्छा बाई पास रोड

रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

E-Mail id: aanchalcattlefeed@gmail.com

दूरभाष संख्या 9358672550, 9410171352

| |
|---|
| पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर में स्थापित (ऑचल मिल्क कैफे) के संचालन हेतु निविदा प्रपत्र |

निविदा प्रपत्र कमांक..........................................................

निविदा प्रपत्र मूल्य :– 590.00 रूपये (जी0एस0टी0 सहित)

निविदा सूचना संख्या 07 (1)/सी0एफ0पी0/2024–2025

दिनांक 05.12.2024

सामान्य प्रबन्धक
पशु आहार निर्माणशाला
रूद्रपुर उधमसिंह नगर

# :– पुनः अल्पकालिक निविदा सूचना :–

''ऑचल'' पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर में स्थापित ऑचल मिल्क कैफे को किराये पर संचालन कार्यो हेतु निविदायें, दिनांक 12.12.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/कोरियर/हाथो–हाथ(बाई हैण्ड) के माध्यम से इस संस्था के पते पर आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता/फर्म, दिनांक 05.12.2024 से 11.12.2024 तक की सांय 5.00 बजे तक किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में ''ऑचल'' पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर में स्थापित ऑचल मिल्क कैफे को मासिक किराये के आधार पर संचालन कार्यो हेतु निविदा प्रपत्र (शर्तो सहित) ₹ 590.00 (पॉच सौ नब्बे) रूपये जी0एस0टी0सहित नकद भुगतान कर, ''ऑचल''पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) अथवा यू0सी0डी0एफ0लि0, मंगलपडाव हल्द्वानी (नैनीताल) के कार्यालय से क्रय/प्राप्त कर सकते है तथा निविदा प्रपत्र यू0सी0डी0एफ0 की बैवसाइट www. ucdfaanchal.org से सीधे डाउन लोड किये जा सकते है। बैवसाइट से डाउन लोड ''ऑचल'' पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर में स्थापित ऑचल मिल्क कैफे को मासिक किराये के आधार पर संचालन कार्यो हेतु निविदा प्रपत्र (शर्तो सहित) ₹590.00 (पॉच सौ नब्बे) रूपये जी0एस0टी0सहित का बैक ड्राफ्ट, जो कैटिल फीड फैक्ट्री के नाम देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

उक्त निविदायें दिनांक 12.12.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक ''पशु आहार निर्माणशाला, किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर, (उधमसिहनगर) के कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/कोरियर/हाथो–हाथ (बाई हैण्ड) के माध्यम से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। बन्द लिफाफे के ऊपर, निर्माणशाला में स्थापित ऑचल मिल्क कैफे को मासिक किराये के आधार पर संचालन कार्यो हेतु एवं निविदा प्रपत्र लिखा होना आवश्कीय है। बिलम्ब से प्राप्त निविदाओ पर कोई विचार नही किया जायेगा। समस्त निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार संस्था के पास सुरक्षित रहेगा।

सामान्य प्रबन्धक

# :–निविदा प्रपत्र :–

## कार्यालय–पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)।

निविदा प्रपत्र (मूल्य 590.00 रूपया) (जी0एस0टी0सहित)

| स्वंहस्ताक्षरित फोटो चस्पा करे |
|---|

01. निविदादाता का नाम एवं पता ........................................................................................................
02. ऑचल कैफे का नाम.......................................................................
03. आवदेक का पैन कार्ड नम्बर..........................................................................................
04. फर्म का नाम व पता...................................................................................................................
05. फर्म का FSSAI लाईसेन्स का नम्बर......................................................................................
06. फर्म का जी0एस0टी0 नम्बर.....................................................................................................................
07. कार्य अनुभव (कार्य बर्ष अवधि एवं कार्य विवरण)..........................................................................................
08. निविदा प्रपत्र नकद मूल्य धनराशि................................ दिनांक.....................रसीद संख्या.........................................

    (क) बैक ड्राफ्ट संख्या............................दिनांक................ .धनराशि....................... बैक का नाम...................................

09. **अर्नेस्ट मनी का विवरण :–**

    (क) बैक ड्राफ्ट संख्या................. दिनांक.................धनराशि...................................

    बैक का नाम........................................................................................................................................

    (ख) नकद रसीद संख्या.......................................दिनांक................................धनराशि......................................

10. ऑचल कैफे का मासिक किराया दर ................................(न्यूनतम किराया मु0 10,000.00 रूपये) प्रतिमाह निर्धारित ।
11. निम्न में से लागू वर्ग से सम्बन्धित हो तो आगे अंकित करते हुए उक्त से सम्बन्धित अभिलेख/प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न करें।

    (1) सैन्य/पुलिस कार्मिक की विधवा महिला।
    (2) दिव्यांग्जन।
    (3) सैन्य/पुलिस कार्मिक की विधवा महिला एवं उक्त न्यूतनम अहर्ताएं रखने वाले आवदेक के मध्य कैफे संचालन हेतु अनुबन्ध की प्रति।
    (4) दिव्यांग्जन को कैफे किरायें एवं उक्त न्यूनतम अहर्ताएं रखने वाले आवदेक के मध्य कैफे संचालन हेतु अनुबन्ध की प्रति।
    (5) राज्य आन्दोलनकारी।
    (6) बरोजगार युवा (35 बर्ष तक) ग्रेजुएट।

    **न्यूनतम अहर्ताएं**

    (1) आधार कार्ड की प्रति।
    (2) पैन कार्ड की प्रति।
    (3) ऑचल कैफे का न्यूनतम किराया मु0 10,000.00 रूपये प्रति माह निर्धारित। उक्त किराये से कम किराया आवेदन करने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
    (4) निविदा प्रपत्र के साथ ऑचल मिल्क कैफे के संचालन हेतु मु0 5,000.00 (पॉच हजार) रूपया अर्नेस्टमनी संस्था के कोषागार में दिनांक 11.12.2024 को सायं 05.00 बजे तक नकद जमा की जायेगी अथवा बैक ड्राफ्ट के माध्यम, जो **कैटिल फीड फैक्ट्री**, के पक्ष में देय हो, निविदा प्रपत्र के साथ बैक ड्राफ्ट या नकद जमा रसीद को मूलरूप से संलग्न करनी अनिवार्य होगी। बिना अर्नेस्ट मनी के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

<u>न्यूनतम अहर्ताएं पश्चात निम्नवत वरीयता होगी–</u>

(1) सैन्य/पुलिस कार्मिक की विधवा महिला।

(2) दिव्यांग्जन।

(3) सैन्य/पुलिस कार्मिक की विधवा महिला एवं उक्त न्यूतनम अहर्ताएं रखने वाले आवदेक के मध्य कैफे संचालन हेतु अनुबन्ध की प्रति।

(4) दिव्यांग्जन को कैफे किरायें एवं उक्त न्यूनतम अहर्ताएं रखने वाले आवदेक के मध्य कैफे संचालन हेतु अनुबन्ध की प्रति।

(5) राज्य आन्दोलनकारी।

(6) बरोजगार युवा (35 बर्ष तक) ग्रेजुएट।

# नियम एवं शर्ते

12. एक या समस्त निविदाओं को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार बिना कारण बताये सामान्य प्रबन्धक पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) के पास सुरक्षित रहेगा।

13. निविदादाता द्वारा संस्था के ऑचल कैफे में ऑचल दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो के अतिरिक्त ऑचल के दुग्ध एव दुग्ध पदार्थो से निर्मित अन्य उत्पादों (जैसे पनीर जलेब्री, बेड पकोडा, पनीर पकोडा इत्यादि) की बिक्री की जा सकती है। ऑचल दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो एवं खाली वारदाना प्राप्तकर्ता परिवहनकर्ता को प्रतिदिन पूर्णरूप जमा करनी होगी।

14. विजली एवं पानी की व्यवस्था स्वंय निविदादाता को करना होगा।

15. अधिकतम किराये के आधार पर ऑचल कैफे का आवंटन होगा।

16. उधमसिंहनगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, खटीमा द्वारा निर्मित ऑचल दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो की बिक्री दुग्ध संघ की निर्धारित दरों पर करनी होगी।

17. ऑचल कैफे में ऑचल दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों एवं स्वीकृत उत्पादों के अतिरिक्त अन्य पदार्थ अथवा मादक पदार्थ विक्रय नही किये जायेगें, ना ही पार्लर में रखे जायेगें, यदि मिल्क पार्लर में ऑचल दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों एवं स्वीकृत उत्पादों के अतिरिक्त अन्य पदार्थ पाये जाते है तो ऑचल कैफे का अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।

18. ऑचल कैफे के लिये निविदा प्रपत्र भरना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करनी होगी।

19. निविदा स्वीकार होने पर निर्माणशाला के साथ निविदादाता को मु0 100.00 (एक सौ) रूपये के नानजूडिशिल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध की अवधि एक बर्ष की होगी। यदि तो ऑचल कैफे संचालनकर्ता द्वारा लगातार दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो की बिक्री में बृद्वि की जाती है, व कार्य सन्तोषजनक रहता है, तो मिल्क पार्लर संचालनकर्ता की कार्य अवधि को अधिकतम 05 (पॉच) बर्षो तक बढाया जा सकती है।

20. स्वीकृत निविदादाता को FSSAI व G.S.T. नम्बर होने की दशा में एक माह के अन्दर प्राप्त करना होगा। FSSAI व G.S.T. नम्बर एक माह के भीतर उपलब्ध न कराये जाने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।

21. निविदा उपरान्त निविदादाता को FSSAI से सम्बन्धित नियम और विनियमन का परिपालन करना पडेगा, जो कि FSSAI ACT 2006 के नियमानुसार लागू होगा।

22. यह कि संस्था में कार्यरत कर्मचारी अथवा उसके आश्रित की निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। जिसे उत्तराखण्ड राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली 2002 के नियम संख्या 02(ग) के अनुसार किसी कर्मचारी के परिवार का सदस्य को निम्नवत परिभाषित किया गया है।

(1) ऐसे सरकारी कर्मचारी की पत्नी, उसका लडका, सौतेला लडका, अविवाहित लडकी या अविवाहित सौतेली लडकी चाहे वह उनके साथ रहता/रहती हो अथवा नही, और किसी महिला सरकारी कर्मचारी के सम्बन्ध में, उसके साथ रहने वाला तथा उस पर आश्रित उसका पति, तथा

(2) किसी भी अन्य व्यक्ति, जो रक्त सम्बन्ध से या विवाह द्वारा सरकारी कर्मचारी या सम्बन्धी हो या ऐसे सरकारी कर्मचारी की पत्नी का या उसके पति का सम्बन्धी हो और जो ऐसे कर्मचारी पर पूर्णतः आश्रित हो

किन्तु इसके अन्तर्गत ऐसी पत्नी या पति सम्मिलित नही होगी/सम्मिलित नही होगा, जो सरकारी कर्मचारी से विधितः पृथक की गयी हो/पृथक किया गया हो या ऐसा लडका, सौतेला लडका, अविवाहित सौतेली लडकी सम्मिलित नही होगा, या/सम्मिलित नही होगा, जो आगे के लिए, किसी भी प्रकार उस पर आश्रित नही है या जिसकी अभिरक्षा (CUSTODY) से सरकारी कर्मचारी को, विधि द्वारा वंचित कर दिया गया हो।

23. यह कि निविदादाता को ख श्रेणी की उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फैडरेशन लि0, हल्द्वानी (नैनीताल) की सदस्य के रूप में नाम मात्र की सदस्यता ग्रहण करनी होगी। सदस्य शुल्क मु0 100.00 (एक सौ रूपये) जमा करनी होगी।
24. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त ऑचल मिल्क कैफे के संचालन हेतु मु0 50,000.00 (पचास हजार) रूपये की धनराशि जमानत हेतु नकद अथवा एफ0डी0आर0, जो कैटिल फीड फैक्ट्री रूद्रपुर के पक्ष में प्लज हो जमा की जायेगी ।
25. पशु आहार निर्माणशाला एवं सम्बन्धित निविदादाता के मध्य किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में इसकी अपील एवं अन्तिम निर्णय का अधिकार, निबन्धक, दुग्ध सहकारी समितियॉ, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल) के पास सुरक्षित रहेगा, जिसका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
26. निविदा सामान्य प्रबन्धक, पशु आहार निर्माणशाला, किच्छा बाईपास रोड, बी0एच0ई0एल0 के सामने, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) के नाम से रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/कोरियर/हाथो–हाथ (वाई हैन्ड) के माध्यम से दिनाक 30.11.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदायें प्राप्त की जायेगी जो कि उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख पशु आहार निर्माणशाला कार्यालय में निविदा कमेटी द्वारा खोली जायेगी। डाक वितरण में बिलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा और नही कोई दावा स्वीकार किया जायेगा।

नोटः– उपरोक्तानुसार निविदा के नियम एवं शर्तो को पढकर एवं समझकर सहमत होने पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र के साथ अदेयता–प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करे।

## निविदादाता की घोषणा

निर्माणशााला द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना के सन्दर्भ में मेरे द्वारा निविदा फार्म के साथ नियम एवं शर्ते (सम्पूर्ण निविदा फार्म) को भली–भॉति पढ लिया गया है। मै निविदा की शर्तो एवं निर्देशों के अनुसार निविदा स्वीकृत होने पर पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर ) के साथ अनुबन्ध करने के लिये सहमत हूॅ।

उपर्युक्त प्रविष्टियॉ मैने स्वंय भरी/भरवाई है, और मेरी जानकारी में पूर्ण रूप से सही है। यदि कोई भी सूचना/सूचनायें गलत पायी जाती है, तो संस्था को निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

दिनांक..............................

हस्ताक्षर निविदादाता ....................

पूरा नाम .......................................................................

स्थायी पता......................................................................

...........................................................................................

मोबाईल नम्बर..................................................................